प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

00000

17.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

निर्वाचन आयोग

निर्वाचन आयोग के एक प्रवक्ता ने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद से विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से उसे अब तक करीब दो सौ शिकायतें मिली हैं। आयोग को भारतीय जनता पार्टी की ओर से 51, कांग्रेस की ओर से 59 और अन्य दलों की ओर से 90 शिकायतें मिली हैं। इनमें से एक सौ 69 मामलों पर कार्रवाई की जा चुकी है। आयोग ने महिला उम्मी्दवारों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियों के मामले में कुछ पार्टी नेताओं को नोटिस भी जारी किया है।

अनुराग ठाकुर

केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर आज कांगड़ा और हमीरपुर जिला के दौरे पर रहेंगे। अनुराग ठाकुर का पहला कार्यक्रम कांगड़ा जिला में देहरा विधानसभा क्षेत्र के नलेटी में होगा। इसके बाद वे हमीरपुर जिला में नादौन विधानसभा क्षेत्र के बुडान व कांगू में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस दौरान वे पार्टी कार्यकर्त्ताओं के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव के बारे में ज़रूरी टिप्स देंगे। इससे पूर्व कल उन्होंने ऊना में पार्टी विस्तारकों के साथ बैठक में कहा कि कांग्रेस पार्टी आज देश में मुद्‌दाविहीन हो चुकी है और उसके नेता अनापशनाप बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ओर जहां 4 सौ पार का लक्ष्य लेकर चुनाव मैदान में है वहीं कांग्रेस पार्टी 40 पार की लड़ाई लड़ रही है।

सीएम–प्रैस वार्ता

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दावा किया है कि वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुधारा है और सरकार ने आर्थिक संकट व प्राकृतिक आपदा का बखूबी सामना किया है। शिमला में कल एक प्रैस वार्ता में उन्होंने कहा कि हिमाचल में भाजपा का मिशन लोटस फेल हो गया है। इन चुनावों के बाद कांग्रेस सरकार और मजबूत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया है जबकि भाजपा असल मुददों से लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि की तरह ही प्यारी बहना महिला सम्मान निधि योजना

जारी रह सकती है। पात्र महिलाओं को जून माह में एक साथ 3 हजार रूपए दिए जाएंगे। इसके लिए महिलाएं आवेदन फार्म विभाग या कांग्रेस विधायकों के पास जमा करवा सकती हैं।

रामनवमी

चैत्र नवरात्र के आखिरी और नौंवे दिन आज मां दुर्गा के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। नौंवी शक्ति सिद्धिदात्री सभी सिद्धियों को प्रदान करने वाली हैं। भक्त इनकी पूजा से यश, बल और धन की प्राप्ति करते हैं। इनकी उपासना से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं। आखिरी दिन आज रामनवमी भी है। इस मौके पर प्रदेश के श्रीराम मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। साथ ही सभी शक्तिपीठों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

पुलिस प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते आठ दिनों में प्रदेश के विभिन्न शक्तिपीठों में प्रदेश व पंजाब, हरियाणा, दिल्ली समेत अन्य राज्यों से करीब 10 लाख श्रद्धालुओं ने लंबी कतारों में लगकर अपना शीश नवाया। इनमें सर्वाधिक सिरमौर के माता बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर में 3 लाख 83 हजार, चिंतपूर्णी में 2 लाख 48 हजार एक सौ और श्री नयना देवी जी में 1 लाख 65 हजार 355 श्रद्धालुओं ने शीश नवाया।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज सभी समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। **दैनिक जागरण** ने शीर्षक दिया है **कांग्रेस की रणनीति तैयार, आक्रामक होगा प्रचार। दिव्य हिमाचल** ने लिखा है **बिकने–खरीदने वालों को जनता सिखाएगी सबक। अमर उजाला** की सुर्खी है **विभाग या कांग्रेस विधायकों को दें 15 सौ रूपए वाले फार्म। आपका फैसला और हिमाचल दस्तक** का एक जैसा शीर्षक है **पात्र महिलाओं को जून में मिलेंगे 3000 रूपए। पंजाब केसरी** के शब्द हैं **भाजपा जितना भी जोर लगा ले, महिलाओं को हर सूरत में मिलेंगे 15 सौ रूपए।**

हिमखंड गिरने से रूका चंद्रा नदी का बहाव शीर्षक से **अमर उजाला** ने लिखा है अटल टनल के पास पुलिस ने सैलानियों को नदी किनारे जाने से रोका। **पंजाब केसरी** और **हिमाचल दस्तक** के लगभग एक जैसे शब्द हैं **अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल में हिमखंड गिरा, 3 घंटे बंद रहा चंद्रभागा नदी का बहाव।**

यू पी एस सी परीक्षा के परिणाम से जुड़ी खबर पर **हिमाचल दस्तक का शीर्षक है बल्ह की बेटी डॉ. तरूणा कमल ने हासिल किया 203वां रैंक।**

मौसम की खबर पर **दैनिक भास्कर** की सुर्खी है **प्रदेश में 10 सालों में अप्रैल का तापमान 36 डिग्री से नीचे ही रहा, अभी दो सप्ताह नहीं बढ़ेगी गर्मी। आपका फैसला** के शब्द हैं **हिमाचल में बारिश–बर्फबारी और ओलावृष्टि का पूर्वानुमान।**